# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-148 सागवाड़ा, रविवार,30 जनवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# बिछीवाडा पुलिस के हत्थे चढ़े दो शराब तस्कर

## ट्रक में हरियाणा से 30 लाख की शराब भरकर ले जा रहे थे गुजरात, 424 शराब के कार्टन किये जब्त, जैविक खाद की आड़ में कर रहे थे शराब तस्करी

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाना पुलिस को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। बिछीवाडा थाना पुलिस ने अल सुबह राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर पर अवैध शराब से भरे एक ट्रक को जब्त करते हुए चालक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्रक से 30 लाख कीमत के 424 अवैध शराब के कार्टन बरामद किये थे। जैविक खाद की आड़ में ये शराब गुजरात तस्करी की जा रही थी।

पुलिस उपाधीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया की जिले में एसपी सुधीर जोशी की ओर से अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज अलसुबह मुखबिर के जरिये राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर होकर गुजरात शराब तस्करी की सुचना मिली थी। जिस पर बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह, रतनपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुशील दसोरा, कांस्टेबल करण, वसीम और जितेंद्र की टीम ने अलसुबह रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी शुरू की। इस दौरान उदयपुर की तरफ से आ रहे पंजाब नम्बर के एक ट्रक को रुकवाकर चालक से पूछताछ की गई तो चालक ने जैविक खाद की बिल्टी बताते हुए ट्रक में जैविक खाद भरा होना बताया। लेकिन पुलिस को संदेह होने पर पुलिस ने ट्रक की तलाश ली तो ट्रक में जैविक खाद की आड़ में अवैध शराब के कार्टन भरे हुए थे। जिस पर पुलिस ने ट्रक से शराब के कार्टन नीचे उतरवाकर गिनती की तो ट्रक से पुलिस ने 424 अवैध शराब के कार्टन बरामद किये। जिनकी बाजार की कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई जा रही है। वही पुलिस ने पंजाब के रोपण जिले के थाली कला निवासी चालक हरदीप सिंह पिता अजित सिंह और उसके साथ पंजाब के रोपण जिले के भागल निवासी बलविंदर सिंह पिता संसार चन्द्र सिंह को आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया। इधर पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने शराब को हरियाणा से भरकर गुजरात के अमरेली में तस्करी करना बताया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# निठाउवा पुलिस ने 11वीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार, 3 दिन पहले हुई थी घटना

**डूंगरपुर।** जिले की निठाउवा थाना पुलिस ने 3 दिन पहले एक 11वी कक्षा की नाबालिग छात्रा से हुए दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक को आज गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है। निठाउवा थानाधिकारी अब्दुल रज्जाक ने बताया कि 27 जनवरी को नाबालिग छात्रा ने केस दर्ज करवाया था। इसमें छात्रा ने बताया की वह 11वी कक्षा में पढ़ाई करती है। 27 जनवरी को वह गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई करने गई थी। लंच के समय वह स्कूल के बाहर खड़ी थी। उसी समय प्रतापगढ़ जिले के आड़ फला कूड़ा मगरी निवासी गटू (21) पुत्र नानका मीणा बाइक लेकर आया था । गटू मीणा छात्रा के गाँव अपने रिश्तेदार के यहाँ आता रहता था जिसके चलते छात्रा गटू को पहचानती थी। गटू ने स्कूल के पास आकर छात्रा को अपने साथ मंदिर चलने की बात कही और छात्रा को अपने साथ ले गया था। इस दौरान पहले गटू मीणा छात्रा को पारसोला की ओर ले जाने लगा तो उसने कहा इधर कोनसा मंदिर है। जिस पर गटू ने कहा की पास में ही एक मंदिर है लेकिन छात्रा ने उसे वापस उसे स्कूल छोड़ने की बात कही थी लेकिन गटू उसे वापस छोड़ने के जगह जंगल में ले गया और उसे डराया और जान से मारने की धमकी दी और जंगल में सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था।

घटना के बाद आरोपी गटु उसे घर के पास छोड़कर भाग गया था । थानाधिकारी अब्दुल रज्जाक ने बताया कि वारदात के बाद से आरोपी गटू पुत्र नानका मीणा की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने फरार आरोपी गटू मीणा को उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी गटू ने दुष्कर्म की वारदात करना कबूल कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## हर गलती कीमत मांगती है, जिसने गलती की, उसे कीमत चुकानी पड़ेगी: गहलोत

**जयपुर।** रीट पेपर लीक मामले में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डीपी जारौली की बर्खास्तगी और दो एसोसिएट प्रोफेसर्स के सस्पेंशन के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कई और आरोपियों पर कार्रवाई करने के संकेत दिए हैं। गहलोत ने कहा कि इसमें कोई व्यक्ति विशेष की बात नहीं है। आपराधिक लापरवाही भी कार्रवाई का बहुत बड़ा कारण होता है। गहलोत ने कहा कि हर गलती कीमत मांगती है। 20 साल पहले मैं मुख्यमंत्री बना तो मेरे इस सेंटेंस को एक मैग्जीन ने कोट भी किया था। हर व्यक्ति की जिंदगी में हर गलती हर क्षेत्र में कीमत मांगती है, इसलिए जिसने गलती की उसे कीमत चुकानी पड़ेगी। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि पेपर लीक मामले में कई और बड़े नाम सामने आ सकते हैं। गहलोत ने कहा हर राज्य के अंदर ऐसी गैंग बन चुकी है। बिहार, यूपी के अलावा मध्यप्रदेश में भी व्यापमं घोटाले की गैंग बनी।

ये गैंग देश में बेरोजगारी के कारण बन रही है। आज लोग नौकरी के लिए तरस रहे हैं। इसमें भयंकर करप्शन हो रहा है।

# शहीद दिवस पर पालिकाकर्मियों और पार्षदों ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

**सागवाड़ा।** शहीद दिवस के अवसर पर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल के निर्देशानुसार नगर पालिका सागवाड़ा में शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पालिकाकर्मियों और पार्षदों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया, उपाध्यक्ष राजू मामा शेख की मौजूदगी में शहीद दिवस मनाया गया। दो मिनिट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रारम्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। अध्यक्ष खोड़निया ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सत्य और अहिंसा के नियमों का पालन करने का आह्वान किया। सभी के द्वारा सामूहिक प्राथना रघुपति राघव राजा राम... का सामूहिक गान किया गया। इस अवसर पर पार्षद इंद्रजीत मकवाना, भरत जोशी, गटा भागरिया, विशाल यादव, फारुख, प्रकाश खटीक, पालिकाकर्मी जितेंद्र शर्मा, अक्षय शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, पंकज शर्मा, मनोज कंसारा, शालिन कंसारा, राकेश जैन, पराग सोमपुरा, दिशांत पंचाल, धवल सुथार, जगदीश सेवक, महेंद्र डामोर, महेंद्र कलासुआ, गोविंद हरिजन, मुकेश हरिजन, राजेश हरिजन, राजेश/राजू हरिजन सहित सफाईकर्मी उपस्थित रहे।

## राजस्थान के 4 राज्यसभा सांसदों का चुनाव जून में

**जयपुर।** प्रदेश में चार राज्यसभा सांसदों और राष्ट्रपति का कार्यकाल जुलाई में पूरा हो रहा है। चुनाव मई-जून में कराए जा सकते हैं। चुनाव की तैयारियों के लिए विधानसभा और निर्वाचन विभाग में पत्र की कॉपियां पहुंच चुकी हैं। राष्ट्रपति पद के संभावित नामों को लेकर देश ही नहीं बल्कि दुनिया में कयास और चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इनमें उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केरल के गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान, कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के साथ राजस्थान से जगदीप धनखड़ के नाम की भी चर्चा है। धनखड़ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल हैं और उनका नाम इसलिए चर्चा में है कि बतौर राज्यपाल उनके काम से केंद्र संतुष्ट है। बीजेपी उनके जरिए एक बड़े समाज को साध सकती है, जो किसानी में बड़ा योगदान दे रहे हैं। गौरतलब है कि इससे पहले राजस्थान से यहां की बहू एवं राज्यपाल रहीं प्रतिभा देवी सिंह पाटील राष्ट्रपति बनी थीं।

# शहीद दिवस पर शहर में निकाला गया शान्ति मार्च, कलेक्ट्रेट में हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया याद

**डूंगरपुर।** जिले में शहीद दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी जिला दर्शन समिति एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय पर रविवार को शांति मार्च एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट में महात्मा गांधी की प्रतिमा की प्रतिमा पर पुष्प माला व पुष्प अर्पित कर बापू को याद किया गया। महात्मा गांधी जिला दर्शन समिति एवं जिला प्रशासन की ओर से पहले तहसील चौराहे पर स्वतंत्रता सेनानी भोगीलाल पंड्या की मूर्ति को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात पैदल शांति मार्च राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय रामधुन एवं भजनों के साथ तथाभारत माता की जय के उद्घोषओं के बीच जिला कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचा, जहां पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर सूत की माला व पुष्प मालाओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, समिति के संयोजक शंकर यादव, जिला कलेक्टर शुभम चौधरी,एसपी सुधीर जोशी, जिला परिषद सीईओ अतुल प्रकाश सहित अन्य अधिकारियो व लोगो ने गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर महात्मा गांधी को याद किया। वही इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहा कि गांधी का जीवन दर्शन उनके सिद्धांत की आज वर्तमान युग में महत्ती आवश्यकता है। हमें उनके आदर्शों और सिद्धांतों का न केवल अनुसरण करना चाहिए बल्कि उनको आत्मसात भी करना होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे गांधी के साहित्य दर्शन को पढ़ें। इस अवसर पर महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक डॉ शंकर यादव ने कहा कि शहीद दिवस के अवसर पर हमारा कर्तव्य है कि हम भावी पीढ़ी को भी आजादी के संघर्षों की गाथाओं को बताएं, जिससे वे हमारी गौरवशाली संस्कृति, सभ्यता और त्याग, समर्पण जैसी परंपराओं से रूबरू हो सकें । इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने अपने प्रारंभिक शिक्षा काल में मनाये जाने वाले शहीद दिवस को याद करते हुए गांधी जी के प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी वे शख्सियत हैं, जिनको विज्ञान, धर्म और दर्शन सभी नमन करते हैं । उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को भी हमें उन तमाम शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा महापुरुषों के जीवन आदर्शों को समय-समय पर रूबरू कराना होगा, जिससे वे उच्च जीवन लक्ष्य को आत्मसात कर सके।

# एनएच-48 पर अनयंत्रित होकर पलटी बोलेरो जीप, हादसे में एक युवक की हुई मौत, 3 युवक हुए गंभीर घायल

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र में एनएच-48 पर भुवाली के पास बीती रात एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बोलेरो सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 3 अन्य युवक गंभीर घायल हो गया। बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की उदयपुर जिले के पहाड़ा थाना क्षेत्र के हर्षावाडा निवासी रमेशचन्द्र डोडियार ने रिपोर्ट दी है। जिसमें बताया की उसके दो पुत्र अजय कुमार डोडियार व विजय कुमार डोडियार निवासी हर्षावाडा, नीलकमल पिता रमेश मीणा निवासी व रोहित पिता हाजाराम निवासी बडला चारो एक रिश्तेदार की बोलेरो जीप लेकर कल डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा में किसी रिश्तेदार के मेहमान गए थे।

बीती रात करीब 12 बजे ये चारो बोलेरो जीप लेकर वापस अपने घर हर्षावाडा लौट रहे थे। इस दौरान बिछीवाडा थाना क्षेत्र में एनएच-48 पर भुवाली के पास उनकी बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बोलेरो जीप के नीचे दबने से अजय डोडियार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मृतक अजय का भाई विजय व अन्य दो युवक नीलकमल व रोहित गंभीर घायल हो गए। सुचना पर बिछीवाडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। इस दौरान नीलकमल की हालत ज्यादा ख़राब होने से उसे उदयपुर रेफर किया गया। वही पुलिस ने मृतक के शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही आज परिजनों के डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी आने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बापू की पुण्यतिथि पर राज्यपाल

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राजभवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गांधीजी का संपूर्ण जीवन त्याग, तपस्या का अप्रतिम उदाहरण है।

# युवाओं को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़े-भगोरा

## सागवाड़ा में भगोरा का हुआ स्वागत, गांधी को दी श्रद्धांजलि

**सागवाड़ा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव तथा पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा को केंद्रीय संगठन चुनाव के चैयरमैन मधुसुदन मिस्त्री द्वारा हरियाणा प्रांत का रिटर्निंग अधिकारी (पीआरओ) मनोनीत करने के बाद डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा में पहली बार पहुंचे। जहा पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा का कांग्रेस के कार्यकताओं व समर्थको ने फुलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वही कार्यक्रम में पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कांग्रेस के कार्यकताओं के साथ शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भगोरा ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओ को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शो और सिद्धांतों पर चलने की बात कहते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया।

साथ ही भगोरा ने कार्यकर्ताओ को बताया कि अभी सदस्यता अभियान चल रहा है और युवाओं को अधिक से अधिक कांग्रेस पार्टी से जोड़े। इस अवसर पर पवन गोवाडिया, कुलदीप गांधी, देवीलाल फलोत, हिरालाल पटेल, हितेश पाटीदार, कपिल भट्ट, नरेश पाटीदार, आशा डेंडोर, आशीष गांधी, मगनलाल मोर, मानव दलाल, मनोहर कोटेड़, जयश्री पाठक, रवीशंकर भट्ट, शशिकांत पुरोहित, प्रभाशंकर दवे, जयनारायण व्यास, प्रवीण अहारी सहित कई कांग्रेस के कार्यकताओं मौजूद रहे।

# श्री देवालय निर्माण एवं जीर्णोद्धार समिति की एक बैठक हुई, कार्यकारिणी का गठन

**सागवाड़ा।** श्री देवालय निर्माण एवं जीर्णोद्धार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक लोहारिया तालाब की पाल पर स्थित श्री महाकाली मंदिर प्रांगण में हुई जिसमें नवीन कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न हुए ।

जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध रूप से जयंतीलाल मोची को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मुख्य संरक्षक के रूप में नानूलाल मोड़ पटेल, संरक्षक प्रभुलाल वाडेल, विनोद त्रिवेदी, कुबेरलाल जोशी, मोहनलाल भट्ट, नर्मदा शंकर सुथार एवं मोहनलाल भगोरा, उपाध्यक्ष के रूप में लक्ष्मीनारायण सुथार ,संतोष भोई, देवीलाल पंचाल ,नीरज शर्मा, सचिव दिनेश शर्मा, सह सचिव नानालाल दर्जी, संयुक्त सचिव भगवानलाल सेवक, कोषाध्यक्ष मुकेश भोई, सह कोषाध्यक्ष दिलीप कोठारी , संगठन मंत्री भूपेश पवार, सह संगठन मंत्री विजय पंचाल ,विधि सलाहकार ललित पंचाल को मनोनीत किया सदस्य के रूप में नरेश प्रजापत गोपाल भावसार, जगदीश खटीक, जयप्रकाश सोमपुरा, किशोर सेवक निखिल गुप्ता, पियूष शाह ,विपुल पंचाल, जगदीश प्रजापति, अजय बुझ, पंकज पंड्या, सुखलाल रोत को मनोनीत किया। इसके अतिरिक्त सनातन धर्म के सभी समाजों के अध्यक्ष कार्यकारिणी के पदेन सदस्य रहेंगे। उक्त जानकारी समिति के नवनिर्वाचित प्रवक्ता श्याम भट्ट ने दी।

# साढ़े तीन हजार सरकारी कर्मचारियों ने उठाया फर्जी राशन, ढाई हजार से 3.40 करोड़ वसूले

## 49 हजार की मौत, 45 हजार के डबल राशन कार्ड

**डूंगरपुर।** गरीब और जरूरतमंद लोगों के राशन पर 1 लाख 68 हजार 953 लोगों ने डाका डाला। रसद विभाग ने जांच कर इन सभी लोगों के फर्जी नाम राशन कार्ड से काट दिया। इतना ही नहीं गरीबों के राशन को हड़पने में सरकारी कर्मचारी भी पीछे नहीं रहे। साढ़े तीन हजार से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों ने भी राशन उठा लिया, जिस पर विभाग ने ढाई हजार कर्मचारियों से 3 करोड़ 40 लाख रुपए से ज्यादा की रिकवरी कर ली है, जबकि करीब 1 हजार कर्मचारियों ने गरीबों का राशन हड़पने के बाद रिकवरी की राशि जमा तक नहीं करवाई है। डीएसओ विपिन जैन ने बताया कि 1 लाख 68 हजार 953 में से 49 हजार 113 नाम ऐसे थे, जिनकी मौत हो गई है। मरे हुए लोगों के नाम से भी फर्जी राशन उठ रहा था। 44 हजार 810 लोगों की शादी हो चुकी है। इनमें अधिकतर लड़कियां है। जिनकी शादी के बाद वे ससुराल चली गई, लेकिन उनके नाम पिता के राशन कार्ड में जुड़े हुए थे। इसके अलावा 21 हजार 894 लोग रोजगार के लिए लंबे समय से पलायन कर चुके है। बावजूद उनके नाम से भी राशन कार्ड बने हुए थे। वहीं करीब 45 हजार डबल राशन कार्ड पकड़े हैं। इनमें 7 हजार 702 डबल ओर 37 हजार 567 तिहरे राशन कार्ड बने हुए थे। इन राशन कार्ड को भी हटा दिए है। जिले में 3 हजार 622 सरकारी कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने गरीबों को दिए जाने वाले राशन उठा लिया।

सरकार की इस योजना के पात्र ही नहीं थे। अधिकांश कर्मचारी शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग समेत कई अन्य विभागों के कर्मचारी हैं। 3 हजार 622 कर्मचारियों में से 2 हजार 662 कर्मचारियों से रिकवरी कर ली गई है। इन कर्मचारियों से 3 करोड़ 40 लाख 19 हजार 252 रुपये की वसूली की गई है। वहीं 960 कर्मचारी ऐसे है, जिन्होंने अब तक रिकवरी की राशि जमा नहीं करवाई है और रसद विभाग ने इन कर्मचारियों को नोटिस जारी किया हैं।